कब्जेयाबी की कृषि भूमि प्रार्थी कम्पनी को खान कार्य हेतु आवश्यकता है। प्रार्थी कम्पनी के उक्त खनन क्षेत्र में विपक्षीगण की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की कृषि भूमि प्रार्थी कम्पनी की स्वीकृत लीज क्षेत्र में स्थित होने से प्रार्थी कम्पनी को सीमेंट उद्योग के लिये कच्चा माल लाइम स्टोन (सीमेण्ट ग्रेड) की आपूर्ति हेतु खनन–कार्य हेतु आवश्यकता है। विपक्षीगण की हक एवं हिस्से की खातेदारी की उक्त कृषि भूमि की मुआवजा राशि निर्धारित किये बिना प्रार्थी कम्पनी को सीमेण्ट उत्पादन हेतु आवश्यक कच्चा माल प्राप्त नहीं हो सकेगा, जिससे प्रार्थी कम्पनी द्वारा सीमेण्ट उत्पादन किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा और सीमेण्ट उद्योग पर विपरित प्रभाव पडेगा। इसलिये राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (04) के प्रावधानों के अनुसार प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि को खनन कार्य हेतु उपयोग में लेने के लिये इसकी मुआवजा राशि का निर्धारण करना आवश्यक है।

इस पर विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 1 ने जवाब प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि विपक्षी संख्या 1 चावण्डा माताजी स्थान देह मालियाखेडी के मंदिर के पुजारी तथा उपरोक्त कृषि भूमि पर वर्षो से काश्त करता चला आ रहा है। जिससे पुजारी अपनी व अपने परिवार की आजीविका चला रहा है। उक्त प्रकरण में मुआवजा राशि का निर्धारण करने पर विपक्षी संख्या 1 को मुआवजा भुगतान करावें। इसी ईश्तदुआ के साथ विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 1 ने अपनी बहस पत्रावली समाप्त की।

इस पर राजकीय अधिवक्ता ने अपनी बहस में बताया कि आयुक्त देवस्थान विभाग को पूण्यार्थ–विन्यास का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं जिससे चावण्डा माताजी स्थान देह मालियाखेड़ी की खातेदारी की कृषि भूमि की मुआवजा राशि प्राप्त करने का अधिकारी आयुक्त, देवस्थान विभाग, उदयपुर ही है। अतः मुआवजा राशि देवस्थान विभाग को ही दिलाने का आदेश प्रदान करावें एवं प्रकरण का निस्तारण गुणावगुण पर किये जाने की ईश्तदुआ के साथ ही विद्वान राजकीय अधिवक्ता ने अपनी बहस समाप्त की।

इस पर बहस के रिवटल में विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने बताया कि विपक्षीगण की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की ग्राम मालियाखेडी तहसील निम्बाहेडा में कृषि भूमि के खसरा नम्बर 26 रकबा 0.49 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी कंपनी की स्वीकृत लीज क्षेत्र में स्थित होने से की खनन कार्य हेतु आवश्यकता है। प्रार्थी कम्पनी को सीमेंट उद्योग के लिये कच्चा माल लाइम स्टोन (सीमेण्ट ग्रेड) की आपूर्ति हेतु खनन–कार्य के लिये प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि के खसरा नम्बर 26 रकबा 0.49 हैक्टेयर भूमि में विपक्षी संख्या 1 का हक एवं हिस्सा निहित है। उक्त भूमि की प्रार्थी कम्पनी को आवश्यकता है। विपक्षीगण की खातेदारी की खातेदारी की उक्त कृषि भूमि की मुआवजा राशि निर्धारित किये बिना प्रार्थी कम्पनी को सीमेण्ट उत्पादन हेतु आवश्यक कच्चा माल प्राप्त नहीं हो सकेगा, जिससे प्रार्थी कम्पनी द्वारा सीमेण्ट उत्पादन किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा और सीमेण्ट उद्योग पर विपरित प्रभाव पडेगा। इसलिये राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (04) के प्रावधानों के अनुसार प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि को खनन कार्य हेतु उपयोग में लेने के लिये इसकी मुआवजा राशि का निर्धारण करना आवश्यक है। विपक्षीगण के खातेदारी एवं कब्जेयाबी की उक्त कृषि भूमि प्रार्थी कम्पनी के खनन

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

